हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार, 2 नवम्बर 2025

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज


तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री


2 विधि-विधान से हुआ तुलसी विवाह, जमकर बिके गन्ने





SWAMI VIVEKANAND UNIVERSITY
SIRONJA, SAGAR - (M.P.)
EDUCATION
-D.Ed. B.Ed. B.Ed.
(Part Time 3 Yrs)
-B.Ed + M.Ed
(Integ. 3 Yrs)
-B.A + B.Ed
(Integ. 4 Yrs)
-B.P.Ed., M.P.Ed., M.Ed
CAMPUS : N.H.26, NARSINGPUR ROAD, SIRONJA, SAGAR (M.P.)
8839281593, 9111656144


# मेडिकल कॉलेज में रेडियोथैरेपी विभाग खोलने के लिए मिली शासन से स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में आने वाले समय में कैंसर के मरीजों को कीमोथेरेपी की सुविधा मिलने की उम्मीद जगी है। ऐसा इसलिए क्यों कि राज्य शासन द्वारा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में रेडियोथेरेपी विभाग के लिए अनुमति प्रदान कर दी गई है। इस अनुमति के बाद अब मेडिकल कॉलेज अस्पताल में प्रोफेसर से लेकर जूनीयर रेसीडेंट के कुल 7 पदों पर भर्ती के लिए स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। हालांकि मेडिकल कॉलेज प्रबंधन के लिए फैकल्टी की नियुक्ति सबसे बड़ी चुनौती है लेकिन फिर भी आने वाले समय में कीमोथेरेपी की सुविधा तो उपलब्ध हो ही जाएगी।

सरगुजा में कैंसर के रोगियों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हिस्टोपैथोलॉजी लैब में लगातार कैंसर के मरीजों के सैम्पल आ रहे है और उनमें कैंसर कि पुष्टि हो रही है। वर्ष 2024 में हिस्टोपैथोलॉजी लैब में 1272 सैंपल की जांच में 196 सैंपल में कैंसर की पुष्टि हुई है जबकि वर्ष जुलाई 2025 तक 886 सैंपल की जांच में 101 मरीजों की पुष्टि हो चुकी है जबकि यह आंकडा प्रतिदिन बढ़ रहा है। यही वजह है कि सरगुजा में कैंसर के मरीजों के लिए कीमोथेरेपी की सुविधा सबसे जरुरी है। शहर के नवापारा सीएचसी में पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव की पहल पर कैंसर रोगियों के लिए कीमोथेरेपी की शुरुआत की गई थी। वर्ष 2021 से नियमित रूप से अस्पताल में कैंसर मरीजों को आयुष्मान योजना के तहत निःशुल्क कीमोथेरेपी दी जा रही थी। सितंबर 2022 से सितंबर 2025 के मध्य नवापारा सीएचसी में 4 हजार 756 लोगों की स्क्रीनिंग की गई इसमें से 2 हजार 754 लोगों का उपचार चल रहा है और उन्हें कीमोथेरेपी दी जा रही थी। इनमें सिर्फ 2025 की बात की जाए तो अस्पताल में 1 हजार 372 लोगों की स्क्रीनिंग की गई जिसमें 657 लोगों का उपचार चल रहा है। इनमें ब्रेस्ट कैंसर, ओरल कैंसर, सर्विक्स कैंसर, ओवरी कैंसर के साथ मल्टीपल माइलोमा के मरीज शामिल थे लेकिन शासन द्वारा चिकित्सक को समय पर व सम्मानजनक वेतन नहीं दिए जाने से लम्बे समय तक अपनी सेवाएं देने के बाद एमडी एमडी रेडियो थेरेपी डॉ. हिमांशु गुप्ता ने 26 सितम्बर को अपना इस्तीफा दे दिया था। उनके नौकरी छोड़ने के बाद से ही नवापारा सीएचसी में कैंसर रोगियों को मिल रही सुविधा ठप हो गई थी और लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## 7 पदों पर होगी चिकित्सकों की भर्ती, नवापारा सीएचसी में एक माह से बंद पड़ी है कीमोथेरेपी

### इन पदों की दी गई स्वीकृति

बताया जा रहा है कि राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में शासन ने मुख्य बजट 2025-26 में नवीन पद अंतर्गत प्राध्यापक के 1, सह प्राध्यापक के 1, सहायक प्राध्यापक के 1, सीनियर रेसीडेंट के 2, जूनियर रेसीडेंट के 2 कुल सात पदों पर भर्ती हेतु स्वीकृति 31 अक्टूबर को प्रदान की है। इस स्वीकृति के बाद उम्मीद जगी है कि मेडिकल कॉलेज अस्पताल में फैकल्टी की नियुक्ति की जाएगी हालांकि वर्तमान में प्रदेश में विशेषज्ञ चिकित्सकों की भारी कमी है। इसके साथ ही मेडिकल कॉलेज अस्पताल में प्रोफेसर से लेकर जेआर तक सभी को बेहद कम वेतन दिया जाता है ऐसे में इन पदों पर विशेषज्ञ चिकित्सकों की भर्ती भी एक बड़ी चुनौती होगी।



### 36 दिनों से बंद है सुविधा

कैंसर रोग विशेषज्ञ द्वारा नौकरी छोड़ने के बाद नवापारा सीएचसी में कीमोथेरेपी की सुविधा 36 दिनों से बंद पड़ी हुई है। विशेषज्ञ चिकित्सक के नहीं रहने से सीएचसी नवापरा में किसी भी नए कैंसर मरीज को कीमोथेरेपी की सुविधा नहीं मिल पा रही है। अस्पताल में सिर्फ उन मरीजों को ही अस्पताल में प्रशिक्षित नर्सों द्वारा कीमो दिया जा रहा है जिन्हें पूर्व में चिकित्सक की निगरानी में कीमो दिया जा चुका है और उनके दो-तीन कीमो शेष बचे हो। ऐसे में कैंसर रोगियों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कैंसर रोगी निजी क्लिनिक में जाने के साथ ही कीमो के लिए रायपुर, बिलासपुर जाने को मजबूर है जिससे उन्हें जानलेवा बीमारी के साथ दोहरी मार झेलनी पड़ रही है।

### मिली है स्वीकृति

शासन से रेडियोथेरेपी के स्वीकृति मिली है। फैकल्टी की भर्ती प्रोटोकॉल के तहत होगी। आने वाले समय में कैंसर के रोगियों को अस्पताल में कीमोथेरेपी की सुविधा मिल पाएगी।

-डॉ अविनाश मेश्राम

अधिष्ठाता, आरएसडीकेएस शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय

## खबर संक्षेप

### कृषि मंत्री नेताम करेंगे राज्योत्सव समारोह का उद्घाटन आज



**अम्बिकापुर।** राज्य स्थापना दिवस एक नवंबर के उपलक्ष्य में जिला मुख्यालय में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय समारोह की शुरुआत रविवार 2 नवम्बर को होगी। कार्यक्रम का आयोजन कला केंद्र मैदान में होगा। राज्योत्सव समारोह का शुभारंभ शाम 5.30 बजे से किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृषि मंत्री रामविचार नेताम होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वित्त मंत्री ओपी चौधरी तथा पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल करेंगे। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद संसदीय क्षेत्र सरगुजा चिंतामणी महराज, लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज, सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो, छग गृह निर्माण मंडल अध्यक्ष अनुराग सिंह देव, राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्वविजय सिंह तोमर, महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, जिपं अध्यक्ष श्रीमती निरुपा सिंह, सभापति ननि अम्बिकापुर हरमिंदर सिंह टिन्नी, जिपं उपाध्यक्ष देवनारायण यादव शामिल होंगे। इस दौरान राज्य के 25 वर्षों की विकास यात्रा पर आधारित विभिन्न विभागों की प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी। विद्यालयीन-महाविद्यालयीन छात्र- छात्राओं के साथ ही स्थानीय एवं आमंत्रित कलाकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

### राज्यपाल रमेन डेका लेंगे विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक



**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका 3 नवम्बर को बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के प्रवास पर रहेंगे। प्रवास के दौरान राज्यपाल द्वारा संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में चल रही शासकीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा भी की जाएगी।

### गरीबों के राशन पर चोरों का डाका पार किया 49 हजार का राशन

**अम्बिकापुर।** लोगों के घरों व दुकान में चोरी की घटनाएं आम बात है अब चोरों ने गरीबों के राशन पर भी डाका डालना शुरू कर दिया है। चोरों ने ग्राम खालपोड़ी स्थित उचित मूल्य राशन दुकान में न सिर्फ धावा बोला बल्कि राशन दुकाने से 49 हजार कीमत के चावल, शक्कर पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम खालपोड़ी निवासी अर्जुन राम नगेशिया आ. अदल साय गांव में उचित मूल्य राशन दुकान का संचालन करता है। 30 अक्टूबर को घर में था तभी गांव के ही राम लाखन सिंह ने फोन कर बताया कि उचित मूल्य राशन दुकान का ताला टूटा हुआ है। जानकारी लगते ही संचालक गांव के सरपंच सुरेश पावले व मनेश्वर सारथी के साथ दुकान आया तो देखा चावल व शक्कर की कई बोरी गायब है। सोसायटी संचालक ने जब चावल व शक्कर के बोरियों का मिलान किया तो पता चला कि हितग्राहियों को वितरण करने हेतु 245 बोरी चावल में से 46 बोरी चावल गायब थे जबकि शक्कर के सभी 6 बोरी गायब थे। संचालक के मुताबिक चोरों ने सोसायटी से 49 हजार की मत के राशन चोरी कर ले गए। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 305, 331(4) के तहत अपराध दर्ज किया है।

## महिलाएं भी बड़ी संख्या में बारात में हुईं शामिल

# बैण्ड बाजे के साथ शाही बारात लेकर विवाह करने पहुंचे प्रभु, द्वारचार पर गाए मंगल गीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शनिवार को देव उठनी एकादशी के शुभ मुहूर्त पर शालिग्राम और तुलसी का विवाह संपन्न कराया गया। इस दौरान शहर में गाजे बाजे के साथ शालिग्राम की भव्य बारात निकाली गई। नगर भ्रमण के बाद बारात मयूरा होटल पहुंची जहां बारातियों का भव्य स्वागत किया गया। इसके साथ ही शालिग्राम और तुलसी का विधि विधान से विवाह कराया गया। विवाह और भव्य पार्टी का सिलसिला देर रात तक जारी रहा। खास बात यह रही कि विवाह के दौरान शालिग्राम और तुलसी को विवाह के बाद बड़ी संख्या में उपहार और दहेज दिया गया।

**खास बात**

- भगवान की शादी में लाखों के उपहार चढ़

बता दें कि देवउठनी एकादशी को शालिग्राम और तुलसी का विवाह कराया जाता है। लोग अपने घरों में देवउठनी एकादशी में विधि विधान से पूजा अर्चना करने के बाद शालिग्राम और तुलसी का विवाह कराते है। ऐसे में शहर में सनातन संस्कृति समिति द्वारा शालीग्राम और तुलसी के विवाह समारोह का आयोजन किया गया। विवाह कार्यक्रम को लेकर समाज के लोगों द्वारा लम्बे समय से तैयारियां की जा रही थी। शनिवार को देवउठनी एकादशी के अवसर पर शहर के राम मंदिर से शालिग्राम जी की बारात निकली।

भव्य रथ सवार होकर शालिग्राम विवाह के लिए रवाना हुए। बैंड बाजे, आतिशबाजी और रौशनी के साथ निकली बारात में लोग जमकर नाचते नजर आए। नगर भ्रमण करते हुए बारात देर शाम मयुरा होटल पहुंची जहां बारातियों का जोरदार स्वागत किया गया। इसके साथ ही विधि विधान से शालिग्राम और तुलसी का विवाह सम्पन्न कराया गया।



बारात में शामिल महिलाएं।

### दूसरी बार किया गया भव्य आयोजन

शालिग्राम और तुलसी विवाह का यह आयोजन शहर में समिति द्वारा दूसरी बार किया गया है। इस दौरान देव पूजन, उत्तर पूजा, एकादशी पूजा और गौर पूजा संपन्न कराए गये जिसके बाद धूमधाम से शाही बारात निकली। सामूहिक एकादशी पूजन के लिए 41 बेदी बनकर तैयार है जहां तुलसी विवाह संपन्न कराया गया। शालिग्राम जी और माता तुलसी के विवाह उपरान्त होटल में भव्य भोज का आयोजन भी किया गया। विवाह और पार्टी का कार्यक्रम देर रात तक जारी रहा।







# चार महीने की योग निद्रा से जागे देव, अब बजेगी शहनाइयां

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भगवान विष्णु की चार महीने की योग निद्रा अब खत्म हो गई है। कार्तिक शुक्ल एकादशी के दिन देव अपनी योग निद्रा से जागे। एकादशी के दिन देव के योग निद्रा से जागने पर लोगों ने उत्सव मनाया तथा व्रत रखकर श्रद्धापूर्वक देव की पूजा-अर्चना की तथा धूमधाम से तुलसी-शालीग्राम का विवाह रचाया।

- शालिग्राम के निद्रा में जाते ही रूक जाते है सारे शुभ कार्य

पौराणिक मान्यता के अनुसार आषाढ़ शुक्ल एकादशी के दिन भगवान विष्णु चार महीने की योग निद्रा में चले जाते हैं तथा कार्तिक शुक्ल एकादशी के दिन योग निद्रा को तोड़कर जाग जाते हैं। भगवान विष्णु के योग निद्रा में जाते ही विवाह सहित अन्य शुभ कार्य बंद हो जाते है। देव द्वारा आज के दिन अपनी योग निद्रा से जगने के कारण कार्तिक एकादशी को प्रबोधनी एकादशी, देव उठनी एकादशी एवं देवोत्थान एकादशी के नाम से जाना जाता है। देव के योग निद्रा से जागने के कारण कार्तिक एकादशी को धार्मिक महोत्सव के रूप में मनाया जाता है। एकादशी पर श्रद्धालुओं ने उपवास रहकर श्रद्धापूर्वक देव की पूजा-आरती की। भगवान विष्णु के योग निद्रा से जागने के बाद ही अब शादी-विवाह सहित अन्य समस्त शुभ कार्य प्रारंभ हो जाएंगे। एकादशी पर लोगों ने अपने घरों को भव्य तरीके से साज-सज्जा करने के साथ ही दीए जलाकर घरों को रोशन किया तथा दीवाली की तरह देर रात तक पटाखे फोड़कर उत्सव मनाया।

### घर-घर हुए तुलसी विवाह

एकादशी के दिन घर-घर में गन्ने का मण्डप सजाकर महिलाओं ने विधि-विधान से देव शालीग्राम एवं तुलसी का विवाह रचाया तथा चुनरी एवं श्रृंगार सामग्री अर्पित की। पौराणिक मान्यता है कि तुलसी देव शालीग्राम की सहचरी हैं तथा तुलसी पत्र के बिना वे कोई भी भोग ग्रहण नहीं करते। तुलसी एवं शालीग्राम विवाह का मण्डप सजाने श्रद्धालुओं ने जमकर गन्ना सहित फल एवं कंद की खरीदी की तथा विवाह उपरांत भोग अर्पित किया।



# पहाड़ी कोरवा कृष्णा का पीएम ने किया सम्मान




हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

राजधानी रायपुर में छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25वें वर्षगांठ पर आयोजित रजत जयंती समारोह का मंच उस समय तालियों से गूंज उठा, जब बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के ग्राम गोविंदपुर (सरगढ़ी) के विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा समुदाय के कृष्णा पहाड़ी कोरवा को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कर-कमलों से सम्मानित होने का अवसर प्राप्त हुआ। कृष्णा और उनकी पत्नी दोनों दृष्टिबाधित हैं। जीवन की चुनौतियों और सीमित संसाधनों के बीच भी उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। वर्ष 2023-24 में उन्हें प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत पक्का मकान स्वीकृत हुआ। संकल्प और श्रम से उन्होंने उस आवास को स्वयं के प्रयासों से पूरा किया। आज वे अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ उसी घर में सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन बिता रहे हैं।

- पीएम जनमन योजना के तहत मिला पक्का आवास

सम्मान प्राप्त करते समय कृष्णा पहाड़ी कोरवा के चेहरे पर गर्व और संतोष की आभा थी। मंच से उतरते हुए उन्होंने कहा हम दोनों की आंखें नहीं हैं, पर सपने हैं। प्रधानमंत्री जनमन योजना ने उन सपनों को घर का आकार दे दिया। अब हमारे बच्चों के सिर पर छत है और जीवन में आत्मविश्वास लौटा है। प्रधानमंत्री जी से सम्मान पाना मेरे जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि है।


एस.एम.सी. सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
हृदय-रोग सम्बंधित परामर्श लें
03 नवम्बर 2025 (सोमवार) को अंबिकापुर में
छ.ग. के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ. एस.एस. मोहंती
MD, DM (Cardiology)
स्थान:- लाइफ लाइन हॉस्पिटल गवर्मेन्ट पोलिटेक्निक कॉलेज के पास, रिंग रोड, अंबिकापुर (छ.ग.)
दिनांक 03.10.2025 (सोमवार), सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक
एंजियोग्राफी एवं एंजियोप्लास्टी की सुविधा
समस्त हृदय रोगो के इलाज की सुविधा उपलब्ध
SECL, ESIC, CSEB, आयुष्मान भारत से मान्यता प्राप्त
पूर्व रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें:-
7354882583/9755534404
Infront of BSNL office, Vidhan Sabha Road, Near Ashok Ratan, Shankar Nagar, Raipur (C.G.)
9039855001/9039855002
www.smchospital.in
#Rajesh

## खबर संक्षेप

### मन की बात कार्यक्रम के लिए प्रभारी एवं सहप्रभारी की नियुक्ति





**अम्बिकापुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह की सहमति तथा प्रदेश महामंत्री पवन साय की अनुशंसा पर जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के संचालन हेतु प्रभारी एवं सह प्रभारियों की नियुक्ति की है। जन्मजेय मिश्रा को जिला प्रभारी तथा महेंद्र सिंह एवं श्रवण दास को सह प्रभारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने नव नियुक्त पदाधिकारियों को प्रधानमंत्री मोदी के विचारों को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने एवं कार्यकर्ताओं से मन की बात कार्यक्रम को सुनकर अपने जीवन में उतारने का अह्वान किया है।

### छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस पर कलेक्टर ने किया छत्तीसगढ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण



**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर कलेक्टर एस जयवर्धन ने जिला संयुक्त कार्यालय में छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया और जिलेवासियों को राज्य स्थापना की बधाई दी। इस अवसर पर कलेक्टर ने राज्य के गठन के बाद से अब तक की उपलब्धियों और प्रगति को रेखांकित किया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत विजेंद्र पाटले व जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### तीन दिवसीय राज्योत्सव आज से, कलाकार देंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति



**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत महोत्सव के अवसर पर जिले में 2 से 04 नवंबर तक तीन दिवसीय जिला स्तरीय राज्योत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन स्टेडियम ग्राउंड में संपन्न होगा, जिसमें छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति, कला और परंपरा की मनमोहक झलक देखने को मिलेगी। कार्यक्रम का शुभारंभ 2 नवम्बर को महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के मुख्य अतिथ्य में किया जाएग। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि राज्य स्थापना का दिन हम सभी छत्तीसगढ़ वासियो के लिए बहुत विशेष है। हमारे राज्य ने 25 वर्ष पूर्ण किए है। उन्होंने कहा उनकी मनोकामना है कि सभी की सहभागिता से प्रदेश व जिला सूरजपुर निरंतर विकास की दिशा में आगे बढ़े और सुशासन व समृद्धि का प्रतीक बने। इस तीन दिवसीय राज्योत्सव कार्यक्रम में कलाकार एवं गायक अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां देंगे। 2 नवंबर गायिका सुश्री स्तुति जायसवाल, 3 नवंबर को गायक संजय सुरीला और 4 नवंबर को गायक सुनील मानिकपुरी अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे।

### सीटू के श्रमिक नेता देवेंद्र समेत 9 कोल कर्मी हुए रिटायर,दी गई विदाई

**बिश्रामपुर।** अक्टूबर माह के अंतिम कार्य दिवस को एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र में कार्यरत सीटू संगठन के श्रमिक नेता देवेंद्र सिंह सोढी समेत 9 कोल कर्मी शुक्रवार 31अक्टूबर को ड्यूटी से सेवानिवृत्त हो गए,जिन्हें कम्पनी यूनिट स्तर पर विदाई समारोह का आयोजन कर प्रबंधन द्वारा भावभीनी विदाई दी गई है,रिटायर हुए कोल कामगारों में रेहर खदान से कुंवर साय,रेवती राम,विश्वनाथ,शिवमनोरथ, गायत्री खदान से शंकु,देवेंद्र सिंह सोढी,मनोज कुमार सिंह, दिलीप, एरिया हेड क्वार्टर से पंचानंद सिंह शामिल हैं, सभी सेवानिवृत्त कामगारों के सम्मान में प्रबंधन ने यूनिट स्तर पर विदाई समारोह का आयोजन कर रिटायर हुए कामगारों को सपरिवार विदाई समारोह में आमंत्रित कर उन्हें शॉल व श्रीफल सहित उनके सकल देयकों के भुगतान का पत्र,मेडिकल कार्ड सहित कंपनी से मिलने वाला उपहार सौंपा गया है,इस दौरान एसईसीएल प्रबंधन ने सभी कामगारों के सेवाकाल के दौरान उत्कृष्ट व मेहनती कार्यों की सराहना करते उनके उज्ज्वल भविष्य और सुखद पारिवारिक जीवन की कामना की।

### मोबाइल खरीदने पैसा देने पर पुत्र ने की मां की पिटाई

**अम्बिकापुर।** बेटे को मोबाइल खरीदने के लिए पैसा देने तथा पढ़ाई छोड़ मोबाइल देखने से परेशान पिता ने अपनी मां की बेदम पिटाई कर दी। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम मोतीपुर माझापारा निवासी केन्दी बाई पति छोटा महादेव ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि दो माह पूर्व नाती अरूण ने 40 हजार रुपए मांगा था तो रुपए दे दी। 40 हजार रुपए में से नाती ने एक मोबाइल खरीदा और बाकी रुपए को खर्च कर दिया। 31 अक्टूबर की सुबह पुत्र रवि उसके पास आया और कहा कि बेटा को रूपए देखकर मोबाइल खरीदवाई हो जिसके बाद से बेटा पढ़ाई बंद कर हमेशा मोबाइल देखता रहता है। इसी बात को लेकर मां-बेटा के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि बेटे ने गाली गलौज करते हुए मां के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) के तहत अपराध दर्ज किया है।

## गोपाष्टमी पर किया गया गौ पूजन

# चार ग्राम पंचायतों की एकता बनी मिसाल युवाओं ने बनाया गौ आश्रय धाम



गौ आश्रय धाम में उपस्थित चार पंचायत के लोग।



गौ-अष्टमी के दिन पूजा करते धाम के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलका-अधिना

मानवता और सेवा की मिसाल पेश करते हुए चार ग्राम पंचायत केवताली, सलका, अधीना और कोटेया के युवाओं ने मिलकर एक ऐसा कार्य कर दिखाया है जो पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा बन गया है। गांव के बुजुर्गों एवं वरिष्ठ ग्रामीणों के सहयोग से युवाओं ने गौ आश्रय धाम का निर्माण किया जहां बड़ी संख्या में मवेशियों को आश्रय, सुरक्षा और देखभाल की सुविधा उपलब्ध कराई है।

**खास बात**

- गौ आश्रम घुमंतू एवं घायल मवेशियों के लिए बना आश्रय, दिनों दिन बढ़ रही मवेशियों की संख्या

गोपाष्टमी के अवसर पर आज गौ आश्रय धाम परिसर में भव्य गौ पूजन, भंडारा, गौ वंश हेतु सब्जी-फल-गुड़ का भंडारा तथा केवताली ग्राम द्वारा शैला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे पूरा वातावरण भक्ति और सेवा की भावना से सराबोर हो उठा। गौ माता के जयघोष से गूंजते आश्रय धाम में उपस्थित लोगों ने भंडारा का प्रसाद ग्रहण किया। गौ आश्रय धाम आज गौ माता के लिए सर्वसुविधा युक्त स्थल बन चुका है, जहां मवेशियों के लिए शेड, चारा, चरवाहा, स्वास्थ्य देखभाल की पूर्ण व्यवस्था है। क्रॉस ब्रीडिंग के माध्यम से उच्च नस्ल की बछिया के जन्म हेतु विशेष ध्यान दिया जा रहा है। गोबर और गौमूत्र से उत्पाद निर्माण कर स्वरोजगार के अवसर भी सृजित किए जा रहे हैं। इससे न केवल ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भरता की राह मिली है, बल्कि जैविक खेती को भी बढ़ावा मिल रहा है। गौ आश्रय धाम का मुख्य उद्देश्य गोबर के सही रख-रखाव से कार्बनिक खाद तैयार कर पर्यावरण और कृषि दोनों को सशक्त बनाना है। इस पहल से किसानों को रासायनिक खाद की जगह सस्ती और प्रभावी प्राकृतिक खाद उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे खेती की गुणवत्ता और मिट्टी की उर्वरता दोनों में सुधार हुआ है।

### युवाओं ने किया सीमित संसाधनों में बड़ा कार्य

गौमाता की दुर्दशा देखकर कुछ जागरूक युवाओं ने संगठन बनाकर इसकी शुरुआत की। उन्होंने पंचायतों से अनुमति लेकर पुराने गौठान की भूमि पर कार्य प्रारंभ किया। बाउंड्री फेंसिंग, पानी पंप-मोटर, चरवाहा, बिजली-लाइट, चारा और अन्य सुविधाएं स्वयं के प्रयासों और जन सहयोग से जुटाईं। युवाओं का मानना है कि सेवा केवल भावना नहीं, बल्कि जिम्मेदारी है और इसी सोच ने उन्हें इस मिशन से जोड़े रखा।

### चुनौतियों के बावजूद नहीं टूटा हौसला

शुरुआती दौर में इन युवाओं के सामने अनेक चुनौतियां आईं जहां चरवाहा मानदेय और संचालन के लिए धन की कमी, अस्थायी शेड और बारिश से नुकसान, सोलर पैनल खराब होने से पानी की दिक्कत, बढ़ती गौ संख्या के साथ चारे की कमी तथा बीमार गौवंश के उपचार हेतु दवाओं की आवश्यकता। फिर भी युवाओं का हौसला और सेवा भाव अडिग रहा। उन्होंने स्थानीय लोगों, जनप्रतिनिधियों, कृषकों और व्यवसायियों से निरंतर संवाद कर सहयोग जुटाया और मिशन को जीवंत रखा।

### सामाजिक चेतना और सहभागिता का केंद्र

अब गौ आश्रय धाम केवल एक आश्रय स्थल नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना, सामूहिकता और सेवा का केंद्र बन चुका है। यहां नियमित रूप से ग्रामीण बैठक होती हैं, जिनमें संचालन, अर्थव्यवस्था और गौ सेवा के लिए विचार-विमर्श किया जाता है। जनसहभागिता की इस परंपरा ने इसे स्थायी और स्वावलंबी मॉडल का रूप दे दिया है।

### सकारात्मक पहल

गौ आश्रय धाम अधीना सलका, केवताली कोटेया (जिला सूरजपुर) आज क्षेत्र में गौ सेवा और आत्मनिर्भरता का प्रतीक केंद्र बन गया है। यहां आवारा, घायल और बीमार गौवंश का रेस्क्यू, उपचार और सुरक्षित देखभाल की जाती है। सड़क, बाजार और हाटो में भटकते मवेशियों को यहां लाकर आश्रय दिया जाता है, जो इस क्षेत्र के मानवीय मूल्यों की सजीव झलक है।

# कुएं में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



ग्राम मानपुर स्थित कुंए में अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया। इधर घटना की सूचना पर पुलिस मृतक की पहचान कराने में जुट गई। मृतक की पहचान नहीं होने से अंदेशा लगाया जा रहा है कि मृतक किसी दूसरे गांव का है। पुलिस ने आसपास क्षेत्र के थाने में गुम इंसान के मामले में पूछताछ शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मानपुर बाईपास सड़क किनारे निर्माणाधीन मकान के कुएं में आज सुबह कुछ लोगों ने शव देखा। कुआं में शव होने की जानकारी लगते ही क्षेत्र में समय सनसनी फैल गई। बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए। इसी बीच घटना की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कुएं से बाहर निकाल कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने गांव के लोगों से मृतक की पहचान कराई लेकिन गांव के लोगों ने शव को पहचानने से इंकार कर दिया। मृतक की पहचान नहीं होने पर पुलिस ने शव को अस्पताल के मरच्यूरी कक्ष में पहचान के लिए रखा है। मृतक किस गांव का है और कुआं में कैसे गिरा यह स्पष्ट नहीं हो सका। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच शुरू कर दी है, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और आसपास के थानों में गुमशुदगी की रिपोर्ट की जांच की जा रही है। मृतक के परिजन के मिलने पर ही कारण का पता चल सकेगा।

# अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की गई जान

**अम्बिकापुर।** कीटनाशक पीने व पेट दर्द की अलग-अलग घटनाओं में गंभीर हुए दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार भटगांव थाना अंतर्गत बैजनाथपुर जूना करकोली निवासी प्रेम शंकर आ. स्व. सूरज बली सिंह (23 वर्ष) गुरूवार को सलका साप्ताहिक बाजार गया था। शाम को शराब के नशे में कीटनाशक पी लिया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे भटगांव अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। परिजन युवक को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। दूसरी घटना में राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम अमडीपारा निवासी बृजमति मरकाम पति नेहरू मरकाम (40 वर्ष) 27 अक्टूबर को अचानक उल्टी-दस्त पेट में दर्द होने लगा। परिजन महिला को तत्काल राजपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सक ने महिला की हालत में सुधार नहीं होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात रेफर कर दिया। परिजन महिला को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम किया है।

# सरदार पटेल की जयंती पर भाजपा ने निकाला रन फॉर यूनिटी



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर भाजपा द्वारा रन फॉर यूनिटी एवं एकता शपथ का आयोजन जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया एवं महापौर श्रीमती मंजूषा भगत की उपस्थिति में महामाया चौक पर किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने एकता और अखंडता के संकल्प के साथ दौड़ में भाग लिया। दौड़ का समापन स्टेडियम ग्राउंड में हुआ जहां कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने राष्ट्रीय एकता शपथ ली। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष श्री सिसोदिया ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने अपने अदम्य इच्छा शक्ति से भारत को एक सूत्र में पिरोया। महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने कहा कि राष्ट्र की एकता और अखंडता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। सरदार पटेल का जीवन हमें संगठन, समर्पण और सेवा की प्रेरणा देता है। इस दौरान अम्बिकेश केशरी, हरमिंदर सिंह टिन्नी, विनोद हर्ष, अरूणा सिंह, विकास पाण्डेय, मधुसूदन शुक्ला, देव नारायण यादव, फुलेश्वरी सिंह, निलेश सिंह, जन्मेजय मिश्रा, वैभव सिंह देव, संतोष दास, रूपेश दुबे, रविन्द्र गुप्त भारती, मनोज कंसारी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय एकता दिवस कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं को दिलाई गई शपथ



**प्रतापपुर।** कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र में अधिष्ठाता डॉ. पीएस राठिया के मार्गदर्शन में सरदार वल्लभभाई पटेल के 150 वें जन्मदिवस के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के अधिष्ठाता द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल की जीवनी पर संक्षिप्त परिचय दिया एवं छात्र छात्राओं तथा महाविद्यालय के कर्मचारियों को शपथ दिलाई। इस दौरान डॉ. उमेश जायसवाल, डॉ. अमृता गिरी, डॉ. अंकिता सिंह, वैभव जायसवाल, सालनी गुप्ता, चमेली राठौर, आयुषी साहू, महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं सहित कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर आयोजित किया गया एकता दौड़



**रामानुजगंज।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर 31 अक्टूबर को 12वीं वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल रामानुजगंज द्वारा एकता दौड़ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व सहायक सेनानी वीपी सिंह ने किया। वाहिनी परिसर गेट नंबर 1 से दौड़ प्रारंभ हुआ और नगर के अटल चौक, लरंगसाय चौक, भारत माता चौक, तथा पहाड़ी मंदिर चौक से होते हुए पुनः वाहिनी परिसर संपन्न हुआ। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने एक भारत श्रेष्ठ भारत एवं वंदे मातरम के नारों से नगर का वातावरण देशभक्ति के रंग में रंग दिया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने वाहिनी परिसर पहुंचकर सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा उन्हें नमन करते हुए राष्ट्र की एकता, अखंडता और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सहायक सेनानी वीपी सिंह ने कहा कि सरदार पटेल का जीवन देश की एकता और अखंडता का प्रतीक है। हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाते हुए सदैव देश सेवा के लिए तत्पर रहना चाहिए। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस दौरान कंपनी कमांडर रूप नाथ भगत, प्लाटून कमांडर अलविनुस बड़ा, प्लाटून कमांडर शिव शंकर सिंह, उप निरीक्षक हिरत राम नागवंशी, सेक्शन कमांडर मक्सी मिलयानुस तिर्की, अरुण तिग्गा सहित वाहिनी के समस्त प्रधान आरक्षक व आरक्षक उपस्थित रहे।

# पीएम आवास हितग्राहियों को कराया गया गृह प्रवेश

**मैनपाट।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती अवसर पर प्रदेशभर में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत हितग्राहियों का सामूहिक गृह प्रवेश कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। राज्योत्सव स्थल राजधानी रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय मुख्य समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से छत्तीसगढ़ के हितग्राहियों का गृह प्रवेश कराया। मैनपाट ब्लॉक के 993 लाभार्थियों ने भी इस अवसर पर एक साथ अपने नए आवासों में प्रवेश किया। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत राज्य में अब तक मैनपाट ब्लॉक के अंतर्गत 1447 से अधिक सर्वसुविधायुक्त आवासों का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर मैनपाट ब्लॉक में सामूहिक गृह प्रवेश कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी नवनिर्मित घरों में रंगोली सज्जा, दीप प्रज्वलित कर पारंपरिक रीति से गृह प्रवेश किया गया। इस अवसर पर, लाभार्थियों को सम्मान पत्र, खुशियों की चाबी और स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। इस दौरान पंचायतों में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में ग्रामीण जन और उच्चाधिकारियों की मौजूदगी से यह गृह प्रवेश कार्यक्रम संपन्न हुआ।



# महाप्रबंधक कार्यालय में कोल इंडिया का 51वां स्थापना दिवस मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर महाप्रबंधक कार्यालय प्रांगण में कोल इंडिया का 51 वां स्थापना दिवस धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया,इस अवसर पर क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह ने कोल इंडिया का ध्वज फहराया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महाप्रबंधक संजय सिंह के अतिरिक्त क्षेत्रीय विक्रय प्रबंधक जी किशोर,एरिया सेफ्टी ऑफिस केएल भील क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी अमरेंद्र नारायण सहित क्षेत्रीय अधिकारी कर्मचारी जेसीसी के सदस्य उपस्थित थे,कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण से हुई जिसके बाद कोल इंडिया कार्पोरेट गीत बजाया गया,इस दौरान मुख्य अतिथि जीएम डॉ संजय सिंह ने कहा कि आज दोहरी खुशी का दिन है, आज कोल इंडिया का 51वां स्थापना दिवस के साथ छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती का दिन भी है,उन्होंने दोनों अवसरों को महत्वपूर्ण बताते हुए उपस्थितजनों को बधाई दी और कहा कि कोल इंडिया देश भर की ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए प्रतिबद्धता के साथ जुटा हुआ है,इस कार्य में मेहनतकश मजदूरों की भूमिका भी बेहद अहम है,उन्होंने कहा कि कोल इंडिया की सहायक कंपनी एसईसीएल कोयला उत्पादन के साथ स्थानीय लोगों की मूलभूत सुविधाओं को उन तक पहुंचाने सदैव प्रयासरत है, इसमें सीएसआर अभियान के तहत मदद पहुंचती है,उन्होंने क्षेत्र के अमेरा, आमगांव,गायत्री, केतकी खदानों से कोयला उत्पादन को तेज करने सामूहिक प्रयास पर बल दिया और कहा कि इस वर्ष सामान्य वर्षों से अधिक बारिश बाधा के कारण क्षेत्र का कोयला उत्पादन पिछड़ा है लेकिन हम सब मिलकर इसे ठीक कर लेंगे ऐसी आशा है,उन्होंने कहा कि अमेरा आमगांव खदान से कोयला निकालने अधिग्रहित की गई भूमि के स्वामियों को नौकरी व मुआवजा का प्रकरण तेजी से निपटारे पर उन्होंने बल दिया और स्पष्ट किया कि जिनकी भूमि का मुआवजा और नौकरी के प्रकरण निराकरण होंगे, हम उसी भूमि से ही कोयला निकालेंगे,कार्यक्रम को जेसीसी सदस्यों ने भी संबोधित कर अपनी बातों को रखा।

# राज्योत्सव पर जिले के 14033 हितग्राहियों ने किया गृह प्रवेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

राज्य स्थापना दिवस के 25 वीं वर्षगांठ पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राज्य के 3.51 लाख हितग्राहियों का गृह प्रवेश एवं 3 लाख परिवारों के हितग्राहियों को प्रथम किस्त की राशि का सीधे उनके खातों में हस्तांतरित किया गया।

- 8110 हितग्राहियों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ किस्त की 28 .662 करोड़ की राशि भी जारी

कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देश एवं सीईओ जिला पंचायत विजेंद्र सिंह पाटले के मार्गदर्शन में हाल में निर्मित हुए, जिले के 14033 हितग्राहियों के आवासों का गृह प्रवेश एवं 8110 हितग्राहियों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ किस्त मिलाकर कुल 28.662 करोड़ की राशि सीधे उनके खातों में हस्तांतरित की गई। कलेक्टर एस जयवर्धन एवं सीईओ जिला पंचायत विजेंद्र सिंह पाटले द्वारा जनपद के ग्राम पंचायत केशव नगर के हितग्राही रंजीत सिंह आ. शैलेन्द्र सिंह को सांकेतिक रूप से खुशियों की चाबी, प्रशस्ति पत्र एवं उपहार देकर गृह प्रवेश कराया गया तथा कलेक्टर द्वारा जिले के समस्त हितग्राहियों से जल्द आवास बनाने, ग्राम पंचायत में स्वच्छता एवं घर ने डिलीवरी नहीं कराने की बात कही। जिले के अन्य जनपद पंचायत भैयाथान में 3253, ओड़गी में 2933, प्रतापपुर में 1437, प्रेमनगर में 2153, रामानुजनगर में 1008 एवं सूरजपुर में 3249 इस प्रकार कुल 14033 हितग्राहियों के गृह प्रवेश जिले व जनपद पंचायतों के अधिकारी कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों एवं हितग्राही व ग्रामीण की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इसके लिए सभी ग्राम पंचायतों के लिए एक एक नोडल की नियुक्त करते हुए, मॉनिटरिंग के लिए एक एक सेक्टर ऑफिसर भी बनाए गए है।

विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार आज भैयाथान में 5.90 करोड़, ओड़गी में 6.10 करोड़, प्रतापपुर में 8.19 करोड़, प्रेमनगर में 2.2 करोड़, रामानुजनगर में 1.04 करोड़ एवं सूरजपुर में 5.23 करोड़ अर्थात कुल 28.662 करोड़ जारी किए गए।

### ग्राम पंचायत विजयनगर में पीएम आवास योजना के हितग्राहियों का कराया गया सामूहिक गृह प्रवेश



**रामानुजगंज।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में ग्राम पंचायत विजयनगर में शनिवार को प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों का सामूहिक गृह प्रवेश कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर लाभार्थियों को गृह प्रवेश कराते हुए मिठाइयां बांटी गई। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना गरीबों के लिए एक ऐतिहासिक योजना है, जिसके माध्यम से लाखों लोगों को पक्के मकान का सपना पूरा हुआ है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनपद सदस्य प्रतिनिधि पवन कश्यप, सरपंच मिखायल एक्का, बालमुकुंद यादव, आवास मित्र टीएस प्रजापति, दीपक यादव, सचिव सिद्धार्थ संकर हलदार, राजेश्वर महतवार, शिवलाल यादव, मुश्ताक अंसारी, असलम अंसारी, मसीर अंसारी, नवाज अंसारी सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। ग्रामवासियों ने इस अवसर को हर्षोल्लास के साथ मनाया और प्रधानमंत्री आवास योजना को गरीब वर्ग के लिए वरदान बताया।

## खबर संक्षेप



### बलरामपुर में 16 हजार से अधिक ने किया गृह प्रवेश

**बलरामपुर।** जिले में भी छग के रजत जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पीएम आवास योजना ग्रामीण के हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराया गया। जिलेभर में 16 हजार 760 हितग्राहियों को उनके आवास की चाबी सौंपी गई। कार्यक्रम के तहत जिले के विकासखंड बलरामपुर में 2643 आवास, कुसमी में 2542 आवास, राजपुर में 2103 आवास, रामचंद्रपुर में 4084 आवास, शंकरगढ़ में 1706 आवास, तथा वाड्रफनगर में 3682 आवास लाभार्थियों का गृहप्रवेश कराया गया। जनपद पंचायत वाड्रफनगर के ग्राम पंचायत सुलसुली में विकासखंड स्तरीय गृह प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, सरपंच एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में 5 आवास हितग्राहियों को पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया गया और प्रतीकात्मक चाबी प्रदान कर उनका गृह प्रवेश कराया गया।

### चोरों ने अस्पताल परिसर एवं घर के सामने से पार की बाइक

**अम्बिकापुर।** मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर एवं ग्राम सुन्दरपुर स्थित एक घर सामने खड़ी बाइक को चोरों ने पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम असोला निवासी बृजलाल आ. दुर्बल पैकरा (36 वर्ष) 30 अक्टूबर की शाम मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती भाई को खाना पहुंचाने बाइक क्रमांक सीजी 15 सीके 6337 से आया था। युवक बाइक को अस्पताल परिसर में खड़ा कर वार्ड में भर्ती भाई को खाना पहुंचाने चला गया। भोजन पहुंचाने के बाद घर जाने के लिए बाइक लेने पार्किंग में गया तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद भी जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो बाइक चोरी होने की रिपोर्ट मणिपुर थाने में दर्ज कराई। इसी प्रकार दूसरी घटना में ग्राम सुन्दरपुर चिटकीपारा निवासी गुड्डू बेक आ. बाबूलाल बेक (35 वर्ष) 30 अक्टूबर की शाम बाइक क्रमांक सीजी 15 सीएस 3882 को घर के आंगन में खड़ा किया था। रात लगभग 8.30 बजे बाइक को घर के अंदर करने के लिए बाहर निकला तो देखा बाइक गायब थी। खोजबीन के बाद भी जब बाइक का पता नहीं चला तो घटना की रिपोर्ट मणिपुर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने दोनों मामलों में अज्ञात के विरूद्ध धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की गई जान

**प्रतापपुर।** अस्पताल में मरीज को खाना पहुंचा कर घर लौट रहे बाइक सवार युवकों को विपरीत दिशा से आ रहे कार चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरे युवक का उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार मायापुर निवासी रामप्रसाद व शुस कुमार बाइक क्रमांक सीजी 15 डीटी 5539 से प्रतापपुर अस्पताल में भर्ती मरीज को भोजन पहुंचाने गए थे। भोजन पहुंचाने के बाद दोनों बाइक से घर लौटने लगे। जैसे ही बाइक सवार अमनदोन सरईदोहर के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा चंदौरा की ओर से आ रहे कार क्रमांक सीजी जेके 01 एएस 3323 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। कार की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी लगते ही परिजन घायलों को प्रतापपुर अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने राम प्रसाद को मृत घोषित कर दिया वहीं घायल शुस कुमार का उपचार जारी है। परिजन की रिपोर्ट पर पुलिस ने कार चालक के विरूद्ध धारा 106(1), 125(ए), 281 के तहत अपराध दर्ज किया है।

# अवैध अतिक्रमण नहीं हटाने से नाराज ग्रामीणों ने वनभूमि को बना दिया खेत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- तीन वर्षों से अवैध अतिक्रमण हटाने कर रहे शिकायत, ग्राम पटकुरा का मामला

बार-बार शिकायत करने के बाद भी वन अधिकारियों द्वारा वनभूमि में किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाने की कोशिश नहीं करने से आक्रोशित ग्रामीण अब अभियान चलाकर वनभूमि पर अतिक्रमण कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक पूर्व में किए गए अवैध अतिक्रमण को खाली नहीं कराया जाता वे अवैध अतिक्रमण को नहीं रोकेंगे।

वन परिक्षेत्र लखनपुर अंतर्गत मिडिल स्कूल से सटे वनभूमि पर ग्राम पतराटोली निवासी पारस राजवाड़े ने वनभूमि पर अतिक्रमण कर दुकान व मकान बना लिया है साथ ही घर के पास की लगभग तीन एकड़ भूमि पर खेती कर रहा है। तीन वर्ष पूर्व ग्रामीणों ने अवैध अतिक्रमण की शिकायत वनपाल एवं बीटगार्ड से की थी। सूचना पर पहुंचे बीटगार्ड ने अतिक्रमण हटाने की पहल की तो ग्रामीण राजस्व विभाग का दस्तावेज दिखाने लगा। शिकायत पर राजस्व कर्मियों ने जांच की तो भूमि वन विभाग की निकली। ग्रामीण तभी से अवैध अतिक्रमण हटाने की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि वनपाल को कई बार अवैध अतिक्रमण की जानकारी दी गई लेकिन वे अतिक्रमण हटाने की जिम्मेदारी बीटगार्ड की बताकर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं। इधर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई नहीं होने के कारण ग्रामीण आसपास की वनभूमि को घेर कर खेती कर रहा है। डीएफओ से वनपाल की शिकायत कर अतिक्रमणकारी को संरक्षण देने का आरोप लगाया था। डीएफओ ने परिक्षेत्राधिकारी को मामले की जांच कराने के निर्देश दिए थे लेकिन अधिकारियों ने मामले में कोई कार्रवाई नहीं की। स्थिति से नाराज ग्रामीणों ने बैठक कर खाली वनभूमि पर कब्जा करने का निर्णय लिया तथा आसपास की लगभग 7 एकड़ वनभूमि पर कब्जा कर खेत बना दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक पूर्व में किए गए अवैध अतिक्रमण नहीं हटाया जाता वे कब्जा नहीं छोड़ेंगे। उनका उद्देश्य वनभूमि पर कब्जा करना नहीं बल्कि उसे सुरक्षित करना है।

इस संबंध में वन परिक्षेत्राधिकारी राम निवास दहायत ने बताया कि दो-तीन दिन के भीतर मैं अवैध अतिक्रमण जांच कर उसे हटाने की कार्रवाई करूंगा।



वन भूमि की ट्रैक्टर से जोताई कराते ग्रामीण।



बैठक में अतिक्रमण की योजना बनाते गांव के लोग।

#### प्लांटेशन भी नहीं सुरक्षित

ग्राम पलगढ़ी स्थित सागौन प्लांटेशन भी सुरक्षित नहीं है। लकड़ी तस्कर प्लांटेशन के पेड़ों की धड़ल्ले से कटाई कर रहे हैं। प्लांटेशन में चारों तरफ ठूंट नजर आ रहे हैं। ग्रामीणों ने वनकर्मियों पर तस्करों से साठगांठ करने एवं अवैध कटाई करने की छूट देने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि सागौन पेड़ों की कटाई इसी तरह चलती रही तो निकट भविष्य में यह ठूंठ में बदलकर अतिक्रमण की भेंट चढ़ जाएगा। प्लांटेशन में ठूंठों की गिनती की जाए तो पांच से अधिक पेड़ कटे मिलेंगे।

## अंतिम दिन तक नहीं हुआ समस्या का निराकरण

# ऑनलाइन गिरदावरी एग्रोस्टेक के रकबे में भारी कमी, हजारों किसान हुए वंचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- रकबा गायब होने के कारण नहीं बेच सकेंगे धान

धान विक्रय के लिए किसानों के एग्रोस्टेक सॉफ्टवेयर में ऑनलाइन रकबा पंजीयन की तिथि 31 अक्टूबर को समाप्त हो गई है लेकिन अभी भी हजारों किसानों के रकबे का विवरण नहीं मिल रहा है। सॉफ्टवेयर में कई किसानों का रकबा गायब हो गया है वहीं कई किसानों का रकबा आधे से भी कम हो गया है। ऐसे किसानों को अपनी उपज बेचने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा।

शासन द्वारा एग्रोस्टेक सॉफ्टवेयर में किसानों के धान के रकबे का ऑनलाइन गिरदावरी, समितियों में धान विक्रय के लिए पंजीयन एवं पूर्व में पंजीकृत किसानों का पंजीयन अद्यतन करने के लिए 31 अक्टूबर की तिथि निर्धारित की गई थी। ऑनलाइन गिरदावरी में आधा दर्जन गांव के किसानों का रकबा गायब होने के साथ ही बड़ी संख्या में किसानों का रकबा कम होने एवं कई किसानों के रकबा दर्ज नहीं होने के कारण कृषक परेशान थे। अंतिम दिन तक इस समस्या का निराकरण नहीं होने से परेशान किसानों ने सहकारी समितियों में जाकर इस विषमता के निराकरण का कारण एवं उपाय जानना चाहा। समिति प्रबंधकों ने समिति में एग्रोस्टेक सॉफ्टवेयर उपलब्ध नहीं होने का हवाला देकर अपने सॉफ्टवेयर में दर्ज रकबे से किसानों को अवगत कराया। समिति प्रबंधकों ने बताया कि जब तक ऑनलाइन गिरदावरी का रकबा सॉफ्टवेयर में नहीं अपलोड होता वे कोई भी मदद नहीं कर सकते। जिन किसानों के गिरदावरी का रकबा सॉफ्टवेयर में अपलोड होगा वे ही समिति में अपनी उपज बेच सकेंगे। स्थिति से प्रभावित किसान काफी परेशान हैं ऑनलाइन गिरदावरी से पूर्व में पंजीकृत किसानों का रकबा काफी कम हो गया है।



#### कम हुआ वनभूमि पट्टा का रकबा

एग्रोस्टेक सर्वे में वन अधिकार पत्र के रकबे में भारी कमी दर्ज की गई है। सहकारी समितियों में पंजीकृत किसानों के रकबे एवं एग्रोस्टेक के ऑनलाइन गिरदावरी के रकबे में काफी अंतर है। पूर्व में पंजीकृत किसानों के रकबे में लगभग 30 फीसदी की कमी आई है। किसान ऑनलाइन गिरदावरी में अपने कई रकबों को दर्ज नहीं करने का दावा कर रहे हैं। वनभूमि पट्टा धारकों के रकबे भी सॉफ्टवेयर से गायब है वहीं कई किसानों का रकबा कम हो गया है। पंजीयन की तिथि समाप्त होने के बाद ऐसे किसान अपनी उपज के विक्रय एवं कृषि ऋण के भुगतान के लिए परेशान हैं। किसानों को समिति में धान का विक्रय नहीं होने पर कृषि ऋण भुगतान की चिंता सता रही है।

#### कैरी फॉरवर्ड अधूरा

समितियों में धान विक्रय के लिए पूर्व में पंजीकृत किसानों का रकबा गिरदावरी उपरांत हर साल अद्यतन किया जाता है जिसे कैरी फॉरवर्ड नाम दिया गया है। शासन द्वारा ऐसे किसानों का नाम एवं रकबा अद्यतन करने 31 अक्टूबर की तिथि निर्धारित की गई थी लेकिन अभी तक सभी किसानों का डेटा कैरी फॉरवर्ड नहीं हो सका है। सहकारी समिति केरजू, गेरसा, सेदम, बतौली, कुन्नी, ससोली, धौरपुर, पेटला एवं बटवाही के लगभग 25 फीसदी किसानों का डेटा शेष बचा है। अन्य समितियों में भी कैरी फॉरवर्ड का काम अधूरा है। कई समितियों में एकीकृत किसान पोर्टल में एग्रीटेक का डेटा नहीं मिला है वहीं कई किसानों का डेटा कैरी फॉरवर्ड नहीं हो रहा है। नए किसानों के पंजीयन में भी समस्या हो रही है। समिति प्रबंधकों उप संचालक कृषि को इसकी सूचना देकर मार्गदर्शन मांगा है।

#### बढ़ाई गई है तिथि

शासन द्वारा ऑनलाइन गिरदावरी सहित अन्य प्रक्रियाओं के लिए तिथि बढ़ा दी गई है। अब 30 नवंबर तक प्रक्रिया पूरी की जाएगी। निर्धारित समय तक सभी कार्य पूरे कर लिए जाएंगे तथा किसानों को धान विक्रय में कोई समस्या नहीं होगी।

-पीएस दीवान, उप संचालक कृषि



# प्रेमी के साथ भाग गई पत्नी, पति ने जहर खाकर की आत्महत्या

**अंबिकापुर।** पत्नी के प्रेमी के साथ भाग जाने से दुखी अधेड़ उम्र के व्यक्ति ने जहर खाकर आत्म हत्या कर ली। जहर खाने से गंभीर व्यक्ति को उपचार के लिए मिशन अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर घटना की जांच शुरू कर दी है।



- उपचार के दौरान अस्तपाल में तोड़ा दम, जांच में जुटी पुलिस

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गांधीनगर थाना अंतर्गत डिगमा निवासी 55 वर्षीय कृष्णा दास आ. स्व. नागेन्द्र दास ने पहली पत्नी शिखा दास की मौत के बाद लगभग 18 साल पहले दूसरी शादी की थी। दूसरी पत्नी अनीता दास से एक 17 साल की पुत्री थी जबकि पहली पत्नी से एक पुत्र उत्तम दास है। मृतक के पुत्र उत्तम दास के अनुसार कृष्णा दास की पत्नी का जोड़ा पीपल के समीप रहने वाले मोनू से प्रेम प्रसंग था और दोनों साथ में घूमना फिरना करते थे। इस दौरान मोनू ने अनीता दास को एक मोबाइल फोन भी खरीदकर दिया था जिससे दोनों आपस में बातचीत करते थे। इस बात की जानकारी कृष्णा दास को थी जिस पर उसने पत्नी को समझाया था। इसके साथ ही गांव में बुजुर्गों ने बैठक पर महिला और मोनू को समझाइश दी थी कि वे एक दूसरे से मिलना जुलना नहीं करेंगे और बातचीत भी नहीं करेंगे लेकिन समझाइश के बाद भी उनका मिलना जुलना और घूमना-फिरना जारी था, जिससे कृष्णा दास काफी परेशान था। 30 अक्टूबर की रात 10.30 बजे कृष्णा दास और अनिता के बीच मोनू यादव से बात करने और मिलने जुलने को लेकर विवाद हुआ था जिसके बाद महिला घर से भाग गई। 31 अक्टूबर को कृष्णा दास अपनी पत्नी को खोजने के नाम पर घर से निकला था और रात को 11 बजे शराब के नशे में घर पहुंचा। इस दौरान कृष्णा दास ने अपने बेटे उत्तम को बताया कि उसने जहर पी लिया है और जीना नहीं चाहता है। जहर पीने की जानकारी मिलने के बाद युवक ने आनन-फानन में पिता को उपचार के लिए मिशन अस्पताल में भर्ती कराया था जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के पुत्र उत्तम दास का कहना है कि कृष्णा दास की मौत पत्नी द्वारा दूसरे व्यक्ति से बात करने और घूमने फिरने से परेशान होकर जहर पीने से हुई है। इस मामले में मिशन अस्पताल चौकी पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है और घटना की जांच चल रही है।

# न्यायालय परिसर में नवीन भवन का निर्माण कराने की मांग, अधिवक्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

- सर्किट हाउस में हाईकोर्ट के जस्टिस नरेन्द्र कुमार व्यास से मिले अधिवक्ता

**अम्बिकापुर।** सरगुजा प्रवास पर पहुंचे उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एवं पोर्टफोलियों नरेन्द्र व्यास से सर्किट हाउस में जिला अधिवक्ता संघ का प्रतिनिधि मंडल मिला तथा जिला एवं सत्र न्यायालय का निर्माण वर्तमान परिसर में कराने की मांग लेकर न्यायाधिपति के नाम ज्ञापन सौंपा।

अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल कुमार सोनी ने बताया कि शासन द्वारा नवीन जिला न्यायालय भवन निर्माण के लिए 46 करोड़ 2 लाख 52 हजार की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है तथा निर्माण की जिम्मेदारी लोनिवि को सौंपी गई है। लोनिवि द्वारा न्यायालय भवन निर्माण का ड्राइंग तैयार कर लिया गया है जिसे उच्च न्यायालय के अतिरिक्त रजिस्ट्रार द्वारा अभिप्रमाणित किया गया है। पूर्व में मुख्य न्यायाधिपति ने अपने प्रवास के दौरान गुलाब कॉलोनी स्थिति शासकीय आवास की भूमि न्यायालय परिसर में सम्मिलित करने के निर्देश किए थे जिस पर कलेक्टर द्वारा कॉलोनी का 0.73 एकड़ रकबा एवं परिसर में स्थित 0.20 एकड़ कुल 0.93 एकड़ भूमि जिला न्यायालय को सौंपा गया है लेकिन अभी तक राजस्व अभिलेखों में संशोधन नहीं किया गया है। न्यायालय परिसर का रकबा 2.59 एकड़ दर्ज है तथा इसी के आधार पर प्राक्कलन तैयार किया गया है। जिला न्यायाधीश की सहमति एवं न्यायालय प्रबंधक की उपस्थिति में परिसर से सटी अतिक्रमित भूमि की राजस्व निरीक्षक से नाप कराई गई तो भूमि 4 एकड़ निकली। ऐसे में न्यायालय भवन निर्माण में कोई अवरोध नहीं है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश की मांग पर ग्राम चठिरमा में नवीन न्यायालय भवन निर्माण के लिए भूमि चयन किया गया है जो शहर से 12 किमी दूर है। चिन्हित भूमि में न्यायालय का निर्माण होने से दूरस्थ क्षेत्र के ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा वही अन्य शासकीय विभागों एवं कार्यालयों की दूरी बढ़ जाएगी। जन सुविधा को देखते हुए अधिवक्ताओं में वर्तमान न्यायालय परिसर में ही नवीन भवन निर्माण कराने की मांग की। न्यायाधीश श्री व्यास ने उपस्थित अधिवक्ताओं को एक महीने में गुलाब कालोनी की भूमि का आधिपत्य मिलने पर न्यायालय वर्तमान परिसर में ही नवीन भवन का निर्माण कराने का आश्वासन दिया है।



हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

हरिभूमि

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया
पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

# एसडीएम के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने कोचियों के चार ठिकानों से जब्त किया 2320 बोरी अवैध धान

- लगातार कार्रवाई के बावजूद नहीं मान रहे कोचिए

**अम्बिकापुर।** सीमावर्ती राज्यों से कोचियों द्वारा समितियों में खपाने के उद्देश्य से जगह-जगह भण्डारित किए गए धान को प्रशासन की टीम जब्त कर रही है साथ ही पूरी रात अधिकारी विभिन्न मार्गों की चौकसी कर यूपी एवं झारखण्ड से अवैध धान परिवहन करने वाले वाहनों को पकड़ रहे हैं इसके बावजूद कोचियों पर कोई असर नहीं पड़ रहा है। कोचिए मुख्य मार्गों के साथ ही जंगल के रास्ते मध्यरात्रि में अवैध धान मंगाकर जगह-जगह भण्डारित कर रहे हैं।



कोचियों द्वारा अलग-अलग ठिकानों पर पड़ोसी राज्यों का धान भंडारित करने की सूचना पर एसडीएम आनंद राम नेताम के नेतृत्व में प्रशासन की संयुक्त टीम ने छापामार कार्रवाई कर 2320 बोरी अवैध धान को जब्त किया। एसडीएम श्री नेताम को ग्राम गम्हरिया, विजय नगर एवं चाकी में कोचियों द्वारा भारी मात्रा में धान भंडारित करने की सूचना मिली थी। सूचना पर एसडीएम प्रशासन की संयुक्त टीम के साथ रवाना हुए। इस दौरान टीम ने सूचना के अनुसार ग्राम गम्हरिया निवासी मुमताज अंसारी के घर छापामार कार्रवाई कर जांच की तो घर में 240 बोरा धान मिला। जब्ती की कार्रवाई उपरांत प्रशासनिक टीम धान तस्करी के लिए चर्चित ग्राम विजय नगर पहुंची तथा जलालुद्दीन अंसारी, हीरा साव के घर की जांच की तो जलालुद्दीन के घर 470 बोरा धान एवं हीरा साव के घर में 260 बोरी धान एवं 20 बोरी अवैध सरसो मिला जिसके जब्ती की कार्रवाई की गई। ग्राम चाकी निवासी कृष्ण कुमार गुप्ता के घर छापामार कार्रवाई कर टीम ने 1350 बोरी अवैध धान जब्त किया है। धान जब्ती के सभी मामलों में मण्डी अधिनियम की कार्रवाई की गई है। एसडीएम श्री नेताम ने बताया कि कोचियों के विरूद्ध प्रशासन की कार्रवाई निर्बाध रूप से चलते रहेगी। प्रशासन की कार्रवाई से कोचियों में हड़कंप मच गया है। इस दौरान तहसीलदार अश्विनी चंद्रा, मनोज पैकरा सहित मंडी निरीक्षक, राजस्व पटवारी एवं पुलिसकर्मी उपस्थित थे।







